**खबर संक्षेप**

## मझगवां के लिए गौरव का छण, अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर वनरक्षक राहुल सोनी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित



**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस 2026 के अवसर पर मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा वनमंडल सतना मझगवां वन परिक्षेत्र में पदस्थ वनरक्षक राहुल सोनी को उत्कृष्ट वन्यजीव संरक्षण कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राहुल सोनी ने अपनी पदस्थापना के दौरान अपनी व्यावसायिक कुशलता का उत्कृष्ट उपयोग करते हुए वन्यजीवों की सुरक्षा और अवैध शिकार की रोकथाम में महत्वपूर्ण योगदान दिया,उनके इन प्रयासों से प्रदेश के वन्यजीव संरक्षण अभियान को विशेष मजबूती मिली है। वन्यजीवों की रक्षा के क्षेत्र में उनके इसी उत्कृष्ट कार्य और समर्पण को देखते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) डॉ.समीता राजोरा तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए सीडीपीओ और श्रम अधिकारी हुए सम्मानित

**मैहर।** मैहर जिले में शासकीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक पहल की गई है। टीएल (समय-सीमा) समीक्षा बैठक के दौरान मैहर कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के त्वरित समाधान और विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अधिकारियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले अधिकारियों में अमरपाटन के बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) नागेन्द्र प्रताप तिवारी और जिला श्रम अधिकारी नरेश पटेल शामिल हैं।कलेक्टर ने दोनों अधिकारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। कलेक्टर ने उम्मीद जताई कि इस सम्मान से अन्य अधिकारियों को भी जनसेवा और विभागीय कार्यों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान अपर कलेक्टर सुश्री संजना जैन,एसडीएम मैहर श्रीमती दिव्या पटेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर सतना जिले में उमड़ा आस्था का जनसैलाब: मंदिरों और आश्रमों में पूजे गए गुरु,भंडारे और सम्मान समारोह आयोजित







**सतना। गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व सतना जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में पूरी श्रद्धा,उल्लास और भक्ति मय वातावरण के साथ मनाया गया। मैहर मां शारदा मंदिर,खजुरीताल मानसपीठ,बाबा मेहरशाह दरबार और सांदीपनि विद्यालय सहित विभिन्न धार्मिक व शैक्षणिक संस्थानों में दिनभर श्रद्धालुओं एवं विद्यार्थियों का तांता लगा रहा।**

### मां शारदा मंदिर और खजुरीताल मानसपीठ में उमड़ी भीड़

मैहर स्थित प्रसिद्ध मां शारदा मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी,जहाँ प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में दर्शनार्थियों को सुगमता से दर्शन प्राप्त हुए। वहीं,श्री मानसपीठ खजुरीताल में पूज्य जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामललाचार्य जी महाराज के सानिध्य में भव्य समारोह आयोजित हुआ। प्रातःकाल से ही वेदमंत्रों के उच्चारण,गुरु पूजन और आरती से पूरा आश्रम गूंज उठा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण धौरहरा निवासी उमाकांत शुक्ला एवं उनके परिवार द्वारा जगद्गुरु महाराज का मिठाई से किया गया भव्य तुलादान रहा।इस अवसर पर अमरपाटन विधायक डॉ.राजेंद्र कुमार सिंह,रामपुर विधायक विक्रम सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने गुरुदेव का आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

### 'गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा' का समापन

सांदीपनि विद्यालय मझगवां में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन गरिमामय माहौल में हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह कछवाह,सांसद प्रतिनिधि निरंजन जायसवाल,संस्था के प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय एवं सेवानिवृत्त शिक्षक लूमेश्वर प्रसाद शर्मा की उपस्थिति में मां सरस्वती के पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बच्चों ने सुमधुर स्वागत गीत एवं विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक लूमेश्वर शर्मा को श्रीफल व अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि संभाग आयुक्त के तत्वावधान में विद्यालय में कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के छात्रों को आईआईटी और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी कराई जाएगी,जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### जनऊ संस्कार और गुरु दीक्षा

जिले के धार्मिक स्थलों,चित्रकूट के आश्रमों एवं धारकुंडी आश्रम में भी गुरु दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। बाबा मेहरशाह दरबार (सिंधी कॉलोनी) में तीन दिवसीय भक्तमाल कथा के समापन पर महंत स्वामी पुरुषोत्तमदास के मुखारविंद से कृष्ण,राम व झूलेलाल जी की लीलाओं का वर्णन किया गया। इस दौरान महारुद्राभिषेक,जनऊ संस्कार,गुरुमंत्र दीक्षा,चरण-पादुका पूजन और आम भंडारे का आयोजन हुआ। पूरे जिले में शिष्यों ने अपने गुरुओं,संतों व मार्गदर्शकों का पूजन कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में युवा कर्मचारी की संदिग्ध मौत सतना में सड़क पर शव रख परिजनों का भारी हंगामा

### इकलौते बेटे की मौत पर फूटा गुस्सा, बाबूपुर चौकी के पास किया प्रदर्शन

**सतना।** सीधी जिले के बघवार स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में कार्यरत एक 22 वर्षीय युवा कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान सतना जिले के बराज गांव निवासी अभिषेक सिंह पुत्र शिवपूजन सिंह के रूप में हुई है। बुधवार को जैसे ही अभिषेक का शव उसके गृह ग्राम पहुंचा,परिजनों और ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। आक्रोशित लोगों ने बाबूपुर पुलिस चौकी के बाहर शव रखकर उग्र प्रदर्शन किया और चक्काजाम की चेतावनी दी।

### प्रबंधन पर सच छिपाने और शव फेंकने का आरोप

मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले को दबाने का प्रयास बताया है। परिजनों का कहना है कि ड्यूटी के दौरान हुई घटना के बाद अभिषेक का शव नहर में फेंक दिया गया था। इसके बाद परिजनों को बिना स्पष्ट जानकारी दिए जल्दबाजी में पोस्टमार्टम कराकर शव गांव भेज दिया गया। इकलौते बेटे की मौत से स्तब्ध परिजनों ने इसे हादसा नहीं बल्कि हत्या करार दिया है।

### मांगों को लेकर अड़े ग्रामीण,अधिकारियों ने दिया आश्वासन

प्रदर्शनकारियों की मांग है कि मामले में हत्या का अपराध दर्ज किया जाए,दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो, पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए और परिवार के एक सदस्य को स्थायी रोजगार मिले। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम और तहसीलदार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को बघवार सीमेंट प्लांट प्रबंधन तक पहुंचाया जाएगा,लेकिन परिजन मांगों के लिखित और ठोस समाधान पर अड़े रहे।

### कांग्रेस सेवादल ने घेरा, उच्च स्तरीय जांच की मांग

घटना पर राजनीतिक हलकों से भी प्रतिक्रिया आई है। कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष बरमेंद्र प्रताप सिंह ने फैक्ट्री प्रबंधन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि दुर्घटना की सच्चाई छिपाई जा रही है। उन्होंने फैक्ट्री प्रेसिडेंट के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने,घटना की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराने और पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है। फिलहाल क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# दबंगों का अवैध कब्जा, बेघर हुआ पीड़ित परिवार प्रशासनिक चौखट पर न्याय की गुहार लगाने को मजबूर



**सतना।** जिले के मझगवां में पुश्तैनी जमीन और मकान के विवाद ने प्रशासनिक संवेदनहीनता और पुलिस की सुस्ती उजागर कर दी है। अराजी नंबर 25 में अपने हक के 1/3 हिस्से पर पिछले तीन दशकों से काबिज मखलू रजक का परिवार आज दबंगों की गुंडागर्दी के कारण बेघर होकर खुले आसमान तले रहने को विवश है। पीड़ित परिवार द्वारा मकान की बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराने पर विपक्षी निहोरा रजक ने एसडीएम कोर्ट में धारा 145 के तहत फर्जी आपत्ति दर्ज कराई थी,जिसे एसडीएम ने खारिज कर दिया। इससे बौखलाए दबंगों (निहोरा,महेश,राजेश,सचिन व रामनरेश) ने बलपूर्वक बाउंड्रीवॉल ध्वस्त कर दी। आरोप है कि दबंगों ने घर का ताला तोड़कर गृहस्थी का सामान बाहर फेंक दिया,मकान पर अवैध कब्जा कर लिया और विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट की। मझगवां पुलिस पर ठोस कार्रवाई के बजाय दोनों पक्षों पर क्रॉस केस दर्ज कर खानापूर्ति करने का आरोप है। पुलिस की हीलाहवाली से हताश पीड़ित परिवार ने मंगलवार को कलेक्टर,एसपी और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जान-माल की सुरक्षा और मकान खाली कराने की गुहार लगाई है। क्षेत्र में चर्चा है कि चित्रकूट जैसे गंभीर ज़मीनी विवाद से सीख न लेने वाला प्रशासन यदि समय रहते नहीं जागा,तो यहाँ भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

# एकेएस विश्वविद्यालय में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा,भक्ति एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं,जिन्होंने उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य मंच पर विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर इंजी.अनंत कुमार सोनी,कुलपति प्रो.बी.ए. चोपड़े,प्रो.जी.सी.मिश्रा तथा इंजी.आर.के.श्रीवास्तव उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जीवन को सही दिशा,ज्ञान और संस्कार प्रदान करने वाले मार्गदर्शक होते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के सभी प्राध्यापकों एवं सदस्यों का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गुरु वंदना,भक्ति गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरुजनों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ.दीपक मिश्रा ने किया। आयोजन के सफल संचालन में यूसीडीसी समन्वयक इंजी.मधुलिका सिंह,इंजी.शीलेन्द्र उपाध्याय, वीरेंद्र पांडेय,गरिमा सिंह एवं सीमा द्विवेदी का विशेष योगदान रहा। गेम्स के कार्यक्रमों का संचालन शिवम पांडेय ने किया।समारोह में विश्वविद्यालय के अधिकारी,प्राध्यापक,कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूरे आयोजन का वातावरण गुरु वंदना,सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह से भक्तिमय एवं प्रेरणादायी बना रहा।



### गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर समन्वय सेवा केंद्र में हुआ पादुका पूजन,भंडारा एवं सेवा बस्ती में खिचड़ी प्रसाद वितरण

**सतना।** समन्वय परिवार सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित समन्वय सेवा केंद्र,केशरवानी दाल मिल,सतना में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन,प्रार्थना एवं भजन के साथ हुआ। इसके उपरांत परम पूज्य सद्गुरु भगवान ब्रह्मलीन स्वामी श्री सत्यमित्रानंद गिरी जी महाराज की पावन पादुकाओं का पूजन समन्वय परिवार के सदस्यों एवं समन्वय सेवा केंद्र के चिकित्सकों द्वारा श्रद्धापूर्वक किया गया। भजन एवं आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया तथा सेवा बस्ती में खिचड़ी प्रसाद का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में समन्वय सेवा केंद्र की चिकित्सक डॉ.मनीषा सोई,डॉ.श्रीकांत शुक्ला एवं डॉ.दीपक सोई सहित समन्वय परिवार के अध्यक्ष बिहारी अग्रवाल,उपाध्यक्ष त्रिलोकी केशरवानी,संयोजक लखन केशरवानी,कोषाध्यक्ष गोविंद बड़ेरिया,पवन केजरीवाल,रामावतार(कल्लू भाई),अजय शुखमरानी,सुरेश केशरवानी,विश्व हिंदू परिषद से विपिन सिंह,राज बहादुर मिश्रा एवं अभिजीत गुप्ता उपस्थित रहे।

# समय-सीमा प्रकरणों की बैठक: कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के निस्तारण के दिए निर्देश



**मैहर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में बुधवार को समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों और विभिन्न विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता की शिकायतों का निराकरण समय-सीमा के भीतर और प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

उन्होंने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। इस समीक्षा बैठक में प्रशासनिक समन्वय पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री संजना जैन,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) शैलेंद्र सिंह, एसडीएम मैहर श्रीमती दिव्या पटेल, एसडीएम रामनगर एसपी मिश्रा,डिप्टी कलेक्टर सुश्री आशिमा पटेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ली समीक्षा बैठक

**मैहर।** मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल की अध्यक्षता में बुधवार को राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से किया गया। इस महत्वपूर्ण वीसी में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं,विकास कार्यों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। मैहर जिले से राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) कक्ष के माध्यम से कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री संजना जैन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) शैलेंद्र सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में संचालित शासकीय योजनाओं की अद्यतन स्थिति और लक्ष्य प्राप्ति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने मैहर जिले के अधिकारियों को जनहित से जुड़ी योजनाओं को गति देने तथा शासन के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# नाबालिग से दुष्कर्म के फरार आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा गया हवालात

*महिला थाना पुलिस ने की कार्यवाही, एक साल से फरार था आरोपित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

दुष्कर्म के मामले में पिछले एक वर्ष से फरार चल रहे स्थायी वारंटी समीम खान उर्फ नसीम खान को महिला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी महिला थाना पुलिस के लिए महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा (भा.पु.से.) के निर्देश पर लंबे समय से फरार स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियों की तलाश और अधिक से अधिक वारंट तामील कराने के लिए जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक वर्षा सोनकर के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार फरार वारंटियों की तलाश कर रही थी। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक वर्षा सोनकर एवं उनकी टीम ने पिछले एक वर्ष से चिन्हित प्रकरण तथा विशेष न्यायालय पॉक्सो अधिनियम में पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित मामले के स्थायी वारंटी समीम खान उर्फ नसीम खान पिता शहीद खान, 26 वर्ष, निवासी अल्फर्टगंज थाना कोतवाली हाल निवासी बंधवा टोला थाना रंगनाथ नगर जिला कटनी को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम कटनी श्रीमती स्मृता सिंह ठाकुर की अदालत में सत्र प्रकरण क्रमांक 42/2021 लंबित है। आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366, 376(3) भारतीय दंड संहिता तथा धारा 3/4 पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। वह पिछले एक वर्ष से फरार चल रहा था और पुलिस लगातार उसके संभावित ठिकानों पर तलाश कर रही थी।

## खबर संक्षेप

### फर्जी हस्ताक्षर कर 54 हजार निकालने का आरोप



**पन्ना।** जिले के सिमरिया क्षेत्र से एक मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने बैंक खाते से कथित फर्जी हस्ताक्षर कर 54 हजार निकालने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई, बल्कि 181 हेल्पलाइन की शिकायत वापस लेने और थाने में बंद करने की धमकी दी जा रही है। मामले में कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई गई है। पन्ना जिले के सिमरिया तहसील अंतर्गत ग्राम करिया निवासी हीरा तिवारी ने जनसुनवाई में कलेक्टर पन्ना को आवेदन देकर न्याय की मांग की है। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि आईसीआईसी आई बैंक, अमानगंज शाखा के शाखा प्रबंधक और कैशियर द्वारा कथित रूप से उनके फर्जी हस्ताक्षर बनाकर उनके बैंक खाते से 54 हजार की राशि निकाल ली गई। इस संबंध में उन्होंने पहले थाना अमानगंज, पुलिस अधीक्षक पन्ना और 181 हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अब तक उनकी शिकायत का निराकरण नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि अमानगंज थाना पुलिस द्वारा उन पर 181 हेल्पलाइन की शिकायत बंद कराने का दबाव बनाया जा रहा है तथा शिकायत वापस नहीं लेने पर थाने में बंद करने की धमकी दी जा रही है। हीरा तिवारी ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, कथित दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उनके खाते से निकाली गई राशि वापस दिलाई जाए।

### संतोष प्यासी बने द्वारी हायर सेकेंडरी प्राचार्य



**अमानगंज।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारी, विकासखण्ड गुनौर, जिला पन्ना में प्राचार्य का पद रिक्त होने के कारण विद्यालय के प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों के सुचारू संचालन के लिए वरिष्ठ शिक्षक संतोष कुमार प्यासी (उच्च माध्यमिक शिक्षक) को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंपा गया है। जारी आदेश के अनुसार शासन के नियमों एवं वरिष्ठता क्रम के आधार पर यह जिम्मेदारी प्रदान की गई है। श्री प्यासी विद्यालय में प्रशासनिक एवं वित्तीय व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ प्रभारी प्राचार्य के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उनके कार्यभार ग्रहण करने से विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों के संचालन में निरंतरता बनी रहेगी।

### गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का भव्य समापन



**गुन्नौर।** स्थानीय सांदीपनि शासकीय विद्यालय, गुनौर में बुधवार, 29 जुलाई को श्गुरु पूर्णिमा पखवाड़ाश का गरिमामय एवं भव्य समापन समारोह अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। पखवाड़े भर चले विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं बौद्धिक आयोजनों के बाद आयोजित इस अंतिम दिवस के कार्यक्रम में समूचा विद्यालय परिसर उत्सवी रंग में रंगा नज़र आया।

**प्रतिभाशाली छात्रों और समर्पित शिक्षकों का हुआ सम्मान-** समारोह के मुख्य आकर्षण का केंद्र बच्चों द्वारा प्रस्तुति एवं पुरस्कार वितरण समारोह रहा। विद्यालय के प्राचार्य श्री प्रभु दयाल मिश्रा द्वारा पखवाड़े भर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल (पदक) पहनाकर सम्मानित किया गया।केवल छात्र ही नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को भी मेडल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, पखवाड़े के दौरान सक्रिय सहभागिता निभाने वाले अन्य संकुल व क्षेत्रीय शैक्षणिक संस्थानों को भी आधिकारिक प्रमाण पत्र सौंपकर उनकी भूमिका की सराहना की गई। गुरु-शिष्य परंपरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और संस्कारों का बीजारोपण करने के साथ-साथ उनकी छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। पूरे पखवाड़े के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, अनुशासन और प्रतिभा का लोहा मनवाया। समापन अवसर पर भी छात्र-छात्राओं में गजब का जोश और उत्साह देखने को मिला। मेडल और प्रमाण पत्र पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।समारोह के अंत में प्राचार्य श्री मिश्रा एवं समस्त शिक्षक जन ने पुरस्कृत छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा इस वृहद एवं सफल आयोजन के लिए पूरी आयोजन टीम को बधाई दी।

# गुरू पूर्णिमा महोत्सव में परम श्रद्धेय गुरूवर किशोरदास जी महाराज का पूजन अर्चन वहीं विशाल भंडारा में लाखों की संख्या में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद







**सर्व प्रथम सपत्नि पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने गुरूवर का पूजन अर्चन आरती वंदन किया वहीं कलेक्टर पन्ना श्रीमती ऊषा परमार व पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू ने गुरूवर का आर्शीवाद किया ग्रहण**

पन्ना में जहां 16 जुलाई से 29 जुलाई तक का धार्मिक आयोजन भागवत कथा भक्तमाल कथा संगीतमय प्रवचन तथा श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण के साथ जो धर्म की गंगा का प्रवाह चलता रहा 29 जुलाई गुरूपूर्णिमा महोत्सव में परम श्रद्धेय गुरूवर किशोरदास जी महाराज के पूजन अर्चन के साथ विशाल भंडारा पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के मैदान में समाचार लिखे जाने तक लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने जहां गुरूपूर्णिमा में गुरूवर के आर्शीवाद के साथ ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद

**पन्ना।**

एतिहासिक आयोजन पन्ना धार्मिक एवं पवित्र नगरी भगवान जुगल किशोर मंदिर में जहां विगत 16 जुलाई से भागवत कथा भक्तमाल कथा जाने माने देश के पहुंचे हुये विद्यान संतों केद्वारा प्रवचन वहीं जाने माने गीतकारों के द्वारा भक्तिमय वातावरण के साथ भक्ति की गंगा बही धर्म क्षेत्र जैसी स्थितियां निर्मित हुई 29 जुलाई तक यह आयोजन गुरूपूर्णिमा महोत्सव में समापन समारोह के रूप में जहां पन्ना जिला मुख्यालय में पॉलीअेथ्क्नक महाविद्यालय के मैदान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। परम श्रद्धेय गुरूवर किशोरदास जी महाराज का पूजन अर्चन सर्वप्रथम पन्ना विधायक पूर्व मंत्री व उनके सपरिवार के द्वारा किया गया वहीं यह सौभाग्य नगर के व जिले वासियों को भी गुरूपूर्णिमा के दिन गुरूपूर्णिमा महोत्सव में परम श्रद्धेय गुरूवर किशोरदास जी महाराज के पूजन अर्चन व आर्शीवाद ग्रहण करने का सौभाग्य मिला। यह कार्यक्रम एतिहासिक कहा जा सकता है जहां निश्चिततौर पर लाखों की संख्या में लोगों की भागीदारी गुरूपूर्णिमा महोत्सव में जहां गुरूवर के आर्शीवाद प्राप्त करने के बाद वहीं परम श्रद्धेय गुरूवर किशोरदास जी महाराज द्वारा गौ रक्षा व गाय की सेवा का संदेश जो सतत भक्तों को दिशा के रूप में आज के दिन प्रदान किया गया वहीं समाचार लिखे जाने तक गुरूपूर्णिमा महोत्सव में विशाल भंडारे को लेकर प्रसाद पाने के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बनती थी निश्चिततौर पर व्यवस्था भी सराहनीय कही जा सकती है जहां लाखों की भीड़ में भी लोगों ने भंडारे में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं गुरूपूर्णिमा का यह सफल आयोजन गुरूपूर्णिमा महोत्सव के रूप में पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह का यह आयोजन अपने आप में अपनी टीम के सहयोग से सफल आयाम को लेकर माना जाता हैं वैसे भी विशाल भंडारे में अभी भी भक्तों के लिये प्रसाद की व्यवस्था सतत बनाये रखने के लिये भी टीम का हौसला काबले तारीफ कहा जा सकता है। वहीं इतना ही नहीं संपूर्ण रूप से 16 जुलाई से 29 जुलाई तक प्रतिदिन लवकुश वाटिका में जहां संतों व बाहरी लोग जो इस आयोजन में भागीदारी कर रहे थे उनके भोजन की व्यवस्था भी प्रतिदिन हरे पत्तल दोने में भोजन प्रसाद के रूप में ग्रहण कराया गया। यह सौभाग्य पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह उनके संपूर्ण परिवार के लिये यह कार्यक्रम कहीं न कहीं धर्म के साथ आर्शीवाद को लेकर अलग ही चर्चा का विषय है साथ ही उनकी टीम जो सतत 15 जुलाई से इस आयोजन में भूमिका निभा रही है। निश्चिततौर पर सभी को यह पूण्य लाभ अर्जित हुआ गुरूकृपा प्रभुकृपा आज का दिन पन्ना के लिये एतिहासिक धार्मिक आयोजन गुरूपूर्णिमा महोत्सव विशाल भंडारा में आर्शीवाद ग्रहण करने के बाद श्रद्धालु भक्तगणों ने ग्रहण किया प्रसाद।

## सेवानिवृत्त प्राचार्य भरत प्रसाद शर्मा का निधन कई विद्यालयों में दी उल्लेखनीय सेवाएं

### गुरु पूर्णिमा पर सैकड़ों शिष्यों की आंखें हुईं नम

**देवेंद्रनगर।** देवेंद्रनगर तहसील अंतर्गत ग्राम बड़वारा निवासी एवं शिक्षा जगत के सम्मानित व्यक्तित्व, सेवानिवृत्त प्राचार्य भरत प्रसाद शर्मा 75 वर्ष का मंगलवार दोपहर अस्वस्थता के चलते हृदयगति रुक जाने से दुखद निधन हो गया। जिनका अंतिम दाह संस्कार बुधवार को गृह ग्राम बड़वारा में किया गया।वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका उपचार जारी था। उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिवारजनों, शिक्षकों, पूर्व विद्यार्थियों एवं सामाजिक संगठनों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री शर्मा ने अपने लंबे शैक्षणिक जीवन में अनेक विद्यालयों में प्राचार्य के रूप में सेवाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जिगदहा तथा गुखौर सहित विभिन्न शासकीय विद्यालयों में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। वे अपने अनुशासनप्रिय स्वभाव, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण के लिए सदैव सम्मानित रहे।अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को ही नहीं बढ़ाया, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों और अनुशासन पर भी विशेष बल दिया।



उनके मार्गदर्शन में शिक्षा प्राप्त करने वाले अनेक विद्यार्थी आज विभिन्न शासकीय एवं निजी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे अपने विद्यार्थियों के लिए केवल शिक्षक या प्राचार्य ही नहीं, बल्कि प्रेरणास्त्रोत और मार्गदर्शक भी थे।विधाता का यह संयोग अत्यंत भावुक करने वाला रहा कि जिस गुरु पूर्णिमा के दिन शिष्य अपने गुरु का सम्मान और वंदन करते हैं, उसी दिन क्षेत्र ने अपने एक आदर्श गुरु को सदा-सदा के लिए खो दिया। उनके निधन की सूचना मिलते ही सैकड़ों पूर्व विद्यार्थियों की आंखें नम हो गईं। अनेक शिष्यों ने उन्हें याद करते हुए कहा कि श्री शर्मा ने उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और सदैव सही मार्ग पर चलने की सीख दी। उनके निधन से शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उन्होंने अपने पीछे भरा-पूरा परिवार, असंख्य शिष्य और समाज में अपनी अमिट छाप छोड़ दी है। क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# दक्षिण पन्ना वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से वन भूमि पर अतिक्रमण का प्रयास विफल

**पन्ना।**

**दक्षिण पन्ना वनमंडल के रैपुरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत बीट सागौनी में वन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वन भूमि पर अतिक्रमण के प्रयास को विफल कर दिया गया। दिनांक 29 जुलाई 2026 को राजस्व क्षेत्र से वन भूमि की ओर बढ़ाई गई बागड़ (घेराबंदी) को हटाकर संबंधित वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।**





वन विभाग ने स्पष्ट किया कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण अथवा सीमाओं में अनधिकृत विस्तार के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। कार्रवाई वन विभाग के संयुक्त दल द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न की गई। अभियान में परिक्षेत्र सहायक श्री रामप्रताप गौतम (बघवार) एवं श्रीमती रंजना नागर (घुटेही) के साथ बीट गार्ड नवदीप सिंह (सागौनी), अरविंद सिंह (बड़ागांव), विजय विश्वकर्मा (जमुनिया), रजनीश चौरसिया (भरतला), धीरेन्द्र सिंह (चमरैया), रामगोपाल सिंह (बघवार) तथा समिति के सुरक्षा श्रमिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। दक्षिण पन्ना वनमंडल द्वारा वन भूमि की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रखी जाएगी।

# सांदीपनि सीएम राइस विद्यालय पवई में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा धूमधाम से हुआ समापन

### सेवा निवृत्त गुरुओं का हुआ सम्मान



**पवई।** सांदीपनि सीएम राइस विद्यालय पवई में पंद्रह दिनों से चल रहे गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का बुधवार को गरिमामई,हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ समापन हो गया । कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत शिक्षक छोटे लाल मिश्र,शिक्षक नागेन्द्र श्रीवास्तव, जनभागीदारी समिति एवं प्रदेश कार्य समिति के सदस्य पुष्पेंद्र पटेल,पूर्व जिला उपाध्यक्ष भवानी पटेल के द्वारा मां सरस्वती जी के प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण नगायच के द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर तिलक लगाकर सम्मान किया साथ ही सेवा निवृत्त शिक्षकों को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने सभी गुरुओं के योगदान को याद करते हुए कहा कि गुरु ही समाज की नींव हैं और उनके आशीर्वाद से ही छात्र सफलता की ऊंचाइयों को छूते हैं।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। छात्राओं ने गुरु महिमा पर आधारित नृत्य, गीत और नाटिका प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उनकी मनमोहक प्रस्तुतियों को देखकर उपस्थित अतिथि और अभिभावक भावविभोर हो गए। समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी हुकम सिंह यादव,पीएम श्री विद्यालय के प्राचार्य राम चरण गुप्ता,पार्षद देवी खटीक,जमुना खटीक कान्हु राजा के साथ विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, छात्राएं और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में सभी ने गुरु-शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक सुख सागर सिंह कुंवर ने किया। आपको बता दें कि गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाली पवित्र तिथि है, जो गुरु को समर्पित है। यह दिन महर्षि वेदव्यास के जन्म दिवस(व्यास पूर्णिमा) और अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करने वाले गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा के दिन वेदों का संकलन करने वाले और महाभारत के रचयिता वेदव्यास जी का पूजन होता है । इसके साथ ही योग परंपरा के अनुसार इसी दिन शिव ने सप्तर्षियों को प्रथम ज्ञान दिया था। सारनाथ में गौतम बुद्ध ने अपना पहला उपदेश इसी दिन दिया था। इस दिन शिष्य अपने गुरुओं के चरण छूकर आशीर्वाद लेते हैं और उन्हें उपहार व वस्त्र भेंट करते हैं साथ ही इस दिन जरूरतमंदों को अन्य वस्त्र या अन्य चीजों का दान करना शुभ माना जाता है।

### गुरु पूर्णिमा पर गुरुजनों के चरणों में उमड़ी श्रद्धाशिष्यों ने पूजन-अर्चन कर लिया आशीर्वाद



नगर सहित आंचलिक क्षेत्र में बुधवार 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, आस्था और भारतीय संस्कृति की गरिमा के साथ मनाया गया। सुबह से ही शिष्य अपने-अपने गुरुजनों के निवास पर पहुंचने लगे। उन्होंने विधि-विधान से गुरुजनों का पूजन-अर्चन किया, पुष्पमालाएं अर्पित कीं, वस्त्र, मिष्ठान एवं दक्षिणा भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। दिनभर नगर सहित आँचलिक क्षेत्रों में गुरु-शिष्य परंपरा की अनूठी झलक देखने को मिली। भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। गुरु पूर्णिमा का पर्व इसी गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। उनके सम्मान में इस दिन को व्यास पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है। महर्षि वेदव्यास ने चारों वेदों का संकलन किया तथा अठारह पुराण, छह शास्त्र और विश्व के महानतम ग्रंथों में शामिल महाभारत की रचना कर सनातन ज्ञान परंपरा को नई दिशा दी। इसी कारण उन्हें जगतगुरु के रूप में भी स्मरण किया जाता है। नगर के विद्वान आचार्य पंडित रमेश प्रसाद शास्त्री, पंडित रामगोपाल शास्त्री, पंडित रामदुलारे पाठक, पंडित विष्णु प्रसाद गर्ग, पंडित रामलखन गर्ग, पंडित राजेंद्र मिश्रा, पंडित नारायण प्रसाद तिवारी, पंडित रामकृष्ण पांडेय सहित नगर एवं ग्रामीण अंचल के सभी गुरुजनों के यहां सुबह से श्रद्धालुओं और शिष्यों का तांता लगा रहा। शिष्यों ने गुरुजनों का तिलक कर चरण स्पर्श किया और जीवन में सदैव उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर पंडित रमेश प्रसाद शास्त्री ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु केवल शिक्षा देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला पथप्रदर्शक होता है। गुरु के ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन से ही व्यक्ति का व्यक्तित्व निखरता है तथा समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और समर्पण की भावना भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान है।गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कई स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठान, सत्संग, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और पूरा वातावरण श्रद्धा, भक्ति एवं गुरु वंदना के भाव से सराबोर रहा।

## क्या उच्च न्यायालय से ऊपर है पंचायत? ग्राम सभा में रिंग वॉल का प्रस्ताव पास, फिर भी बेपरवाह प्रशासन और जनपद सीईओ



**गुनौर।** क्या ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत के अधिकारी देश के उच्च न्यायालय (हाई कोर्ट) से भी ऊपर हो चुके हैं? यह सवाल आज पन्ना जिले के प्रशासनिक गलियारों में गूंज रहा है। मामला जनपद पंचायत गुनौर अंतर्गत ग्राम पंचायत डिघौरा का है, जहाँ जल संरक्षण के नाम पर सरकारी बजट तो ठिकाने लगा दिया गया, लेकिन तालाब की टूटी मैड और बहते पानी को रोकने के लिए न तो पंचायत कोई सुध ले रही है और न ही जिम्मेदार अधिकारी।

### 3.32 लाख डकार गए, पर तालाब सूखा!

ग्राम पंचायत डिघौरा के खसरा क्रमांक 747 में वर्ष 2020-21 में '3.32 लाख रुपये' की लागत से एक सामुदायिक खेत तालाब (वर्क कोडरू 1709003051/ब/220/120/346176) का निर्माण कराया गया था। पूरी राशि का आहरण कर लिया गया, लेकिन पास ही पवई-सलेहा मार्ग पर बनी शासकीय पुलिया के कारण तालाब का पानी निरंतर बहकर बेकार हो रहा है।

### जांच रिपोर्ट में 80 मीटर मेड सुधार का सुझाव, पर फ़ाइल दबाई

खंड पंचायत अधिकारी और सहायक यंत्री की संयुक्त जांच (दिनांक 26/07/2025) में स्पष्ट तौर पर माना गया कि जल ठहराव के लिए '80 मीटर लंबी नवीन मेड' बनाना जरूरी है, जिसके लिए '3,36,240 रुपये' का अनुमानित बजट भी प्रस्तावित किया गया था। इसके बावजूद जनपद पंचायत सीईओ ने इस प्रतिवेदन पर कोई अमल नहीं किया।

### ग्राम सभा का नया प्रस्तावरू पानी रोकने के लिए बने त्पदह ॅसस या ैजवच कंउ

जब अधिकारियों ने आँखें मूँद लीं, तो पंचों और ग्रामीणों ने मोर्चा संभाला। ग्राम पंचायत की ग्राम सभा में तालाब के पानी को तत्काल रोकने के लिए 'रिंग वॉल (त्पदह ॅसस) या स्टॉप डैम (ैजवच कंउ)' के निर्माण का स्पष्ट प्रस्ताव भी रखा गया और पारित कराया गया। लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्राम पंचायत (सरपंच-सचिव) इस काम में कोई रुचि नहीं दिखा रही है और प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

### क्या कोर्ट से भी ऊपर है पंचायत प्रशासन?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि मामला जब 'उच्च न्यायालय (भ्पही ब्वनतज)' में लंबित है और न्यायालय द्वारा संज्ञान लिया जा चुका है, तो फिर प्रशासनिक अधिकारी इतने बेपरवाह कैसे हो सकते हैं? न तो ग्राम पंचायत को ग्रामीणों की प्यास और खेती की चिंता है, न जनपद सीईओ को जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई की सुध है। और न ही जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारी (कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ) लापरवाही बरतने वाले मातहतों पर कोई गाज गिरा रहे हैं। अधिकारियों की इस कार्यशैली से ऐसा लगता है मानो स्थानीय पंचायत प्रशासन के लिए उच्च न्यायालय के आदेश और ग्राम सभा के प्रस्तावों की कोई कीमत ही नहीं बची है।

### ग्रामीणों में आक्रोश, वरिष्ठ अधिकारियों से सीधी कार्रवाई की मांग

जल संरक्षण की योजनाओं की धज्जियां उड़ते देख स्थानीय ग्रामीणों और पंचों में गहरा असंतोष है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि ग्राम सभा के प्रस्ताव और जांच प्रतिवेदन के आधार पर तत्काल रिंग वॉल/स्टॉप डैम या नवीन मेड का निर्माण शुरू नहीं कराया गया, तो वे इस मामले को उच्च न्यायालय के समक्ष अवमानना के रूप में मजबूती से रखेंगे।

# बेटे ने लगाया घर में घुसकर मारपीट और सल्फास खिलाने का आरोप, आरोपी पक्ष ने एसपी को आवेदन देकर बताया साजिश





## महिला की संदिग्ध मौत का मामला

**छतरपुर। जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला गरमा गया है। जहां एक ओर मृतका के दिव्यांग पुत्र ने कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने और जबरन सल्फास खिलाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है, वहीं दूसरी ओर नामजद आरोपी पक्ष ने छतरपुर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर इन आरोपों को बेबुनियाद व राजनीतिक/रंजिशवश झूठा फंसाने की साजिश करार दिया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान कल्पना त्रिपाठी पति रामायण दास त्रिपाठी, मूल निवासी मिसरन पुरवा थाना गोयरा, हाल निवासी सिंचाई कॉलोनी लवकुशनगर के रूप में हुई है। मृतका के 20 वर्षीय दिव्यांग पुत्र मुकेश त्रिपाठी के अनुसार, मंगलवार दोपहर लगभग 3 से 4 बजे के बीच मुड़ेरी निवासी पप्पू गर्ग (कृष्णाकांत गर्ग) अपने कुछ साथियों के साथ चार पहिया वाहन से उनके घर पहुंचे। आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसकर मां-बेटे के साथ लात-घूंसों और जूतों से जमकर मारपीट की। मुकेश का कहना है कि मारपीट के दौरान ही आरोपी पप्पू गर्ग ने सल्फास की गोली पीसकर उसकी मां को जबरन खिला दी और मौके से फरार हो गए।

घटना के दौरान मुकेश ने डायल-112 पर सूचना दी। लगभग दो घंटे बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायल मां-बेटे को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवकुशनगर ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के कारण महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित बेटे का आरोप है कि उनका परिवार नगर में मकान बनवा रहा था, जिस पर आरोपी कब्जा करना चाहता था और काफी समय से जान से मारने की धमकी दे रहा था। इस संबंध में उन्होंने पूर्व में पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की थी।

### आरोपी पक्ष का पलटवार: 'राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से मिलकर झूठा फंसाया जा रहा

मामले में दूसरा पहलू तब सामने आया जब बुधवार को आरोपी पक्ष ने पुलिस अधीक्षक छतरपुर को एक शिकायती आवेदन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। आवेदन में पप्पू गर्ग उर्फ कृष्णाकांत गर्ग, सत्यम तिवारी, रज्जू शुक्ला, बबलू मिश्रा सहित अन्य आवेदकों ने कहा कि मृतका कल्पना त्रिपाठी ने जहर खाकर आत्महत्या की है। उनका इस घटना से कोई सरोकार नहीं है।

आवेदकों का कहना है कि पप्पू गर्ग एक समाजसेवी और राजनीति से जुड़े व्यक्ति हैं। उनके राजनीतिक व व्यक्तिगत रंजिश रखने वाले लोगों के प्रभाव में आकर मृतका के पति रामायण दास त्रिपाठी और पुत्र मुकेश त्रिपाठी सोशल मीडिया एवं बयानों के जरिए उनका नाम उछाल रहे हैं। आवेदकों बबलू मिश्रा, सत्यम तिवारी, रज्जू शुक्ला आदि का कहना है कि वे मृतका अथवा उसके परिवार को जानते तक नहीं हैं। आरोपी पक्ष ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि राजनीतिक रंजिश के तहत बनाए जा रहे इस दबाव की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि किसी निर्दोष को झूठे प्रकरण में न फंसाया जा सके।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने कहा कि थाना लवकुशनगर क्षेत्र की महिला ने जहर खाने से मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद स्पष्ट होगा कि मौत किन कारणों से हुई है। इस मामले में दूसरे पक्ष का भी आवेदन आया है जिसमें उन्होंने कुछ कारण बताए हैं। सभी बिन्दुओं पर जांच की जाएगी। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### चंदला में विवाहिता की संदिग्ध मौत

**चंदला।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका चांदनी अंसारी पत्नी फिरोज़ मंगलवार शाम करीब 7 बजे अपने घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बुधवार सुबह मृतका के मायके पक्ष के लोग बांदा से चंदला पहुंचे और स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की तैयारी चल रही थी। इस दौरान शव को लेकर मायके और ससुराल पक्ष के बीच विवाद की स्थिति बन गई। मायके वाले शव को अपने साथ बांदा ले जाने की मांग कर रहे थे, जबकि ससुराल पक्ष अंतिम संस्कार चंदला में ही करने पर अड़ा रहा। दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक तीखी नोक-झोंक होती रही, जिससे मौके पर तनाव का माहौल बन गया। काफी समझाइश और आपसी सहमति के बाद विवाद शांत हुआ और शव मृतका के पति को सौंप दिया गया। इसके बाद चंदला के पीएम हाउस में डॉक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। पुलिस की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को भी मौके पर बुलाया। विशेषज्ञों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, इसलिए किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी।पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का भव्य समापन, गुरु वंदन



**राजनगर।** शासकीय सांदीपनि मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजनगर में 15 से 29 जुलाई तक आयोजित गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का समापन गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का तिलक, पुष्प एवं वंदन कर भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा का भावपूर्ण निर्वहन किया।समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रचना पटेरिया तथा विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व शिक्षक श्री शत्रुघ्न द्विवेदी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री अनिल कुमार अरजरिया ने की।

# मंदिर परिसर पर अवैध कब्जे का आरोप ग्रामीणों ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर।** जनपद पंचायत लवकुशनगर के ग्राम बम्होरी स्थित प्राचीन काली माता मंदिर परिसर पर अवैध कब्जा, श्रद्धालुओं के साथ अभद्र व्यवहार और ग्रामीणों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। ग्राम निवासी हरिशंकर भदौरिया ने जिला पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि काली माता मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां वर्षों पुरानी प्रतिमाएं स्थापित हैं। आरोप है कि कुमार दास उर्फ बाबूलाल द्विवेदी नामक व्यक्ति बिना किसी वैधानिक अधिकार के मंदिर परिसर में रह रहा है और उसने मंदिर की भूमि पर अपना आवास बना लिया है। साथ ही परिसर में लगे पेड़ों का निजी उपयोग करने और मंदिर में आने वाले दान एवं चढ़ावे की राशि का मनमाने ढंग से उपयोग करने के भी आरोप लगाए गए हैं।

आवेदन के अनुसार, आरोपी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करता है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में थाना लवकुशनगर में भी शिकायत की गई थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से आरोपी के हौसले बढ़ गए।

ग्रामीण हरिशंकर भदौरिया ने आरोप लगाया है कि 16 जुलाई 2026 को आरोपी ने ग्रामीणों के विरुद्ध थाने में शिकायत दर्ज कराई और 24 जुलाई को फोन कर कथित रूप से 50 हजार रुपये की मांग करते हुए धमकी दी कि यदि शिकायत वापस नहीं कराई गई तो उन्हें एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य गंभीर मामलों में फंसा दिया जाएगा। पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक से आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड, लगाए गए आरोपों और पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही मंदिर परिसर से कथित अवैध कब्जा हटाने तथा ग्रामीणों को धमकाने के मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की भी अपील की है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है और मामले की जांच पुलिस स्तर पर लंबित है।



## प्रकाटेश्वर बालाजी मंदिर में चोरी, दान पेटी समेत करीब सवा लाख रुपये और चांदी के आभूषण ले गए बदमाश

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम बृजपुरा स्थित सिमरिया रोड पर हरि सिद्ध परिसर में बने नवनिर्मित प्रकाटेश्वर बालाजी मंदिर को अज्ञात चोरों ने देर रात निशाना बना लिया। चोर मंदिर का ताला तोड़कर भगवान बालाजी की प्रतिमा पर चढ़े मुकुट, छत्र, नेत्र, तिलक, भौं, मंजीरा, झिंका, लाइट सहित अन्य धार्मिक सामग्री चोरी कर ले गए। इसके अलावा दान पेटी में रखे करीब 14 हजार रुपये तथा मंदिर में रखी लगभग एक से सवा लाख रुपये की नगदी भी बदमाश अपने साथ ले गए।

जानकारी के अनुसार, मंदिर में हाल ही में विशाल यज्ञ का आयोजन हुआ था, जिसके बाद बालाजी की प्रतिमा की स्थापना की गई थी। इसके बाद से यह मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया था। दानदाताओं के सहयोग से मंदिर का विस्तार कार्य भी चल रहा था।ग्रामीण मत्थर पटेल ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह सुबह करीब 5:30 बजे पूजा के लिए फूल लेकर मंदिर पहुंचे। वहां पहुंचने पर मंदिर का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घटना की जानकारी तत्काल ग्राम सरपंच आदित्य मिश्रा को दी गई, जिन्होंने डायल-112 और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष श्रोतीय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी की इस घटना से ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में आक्रोश है। लोगों ने पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और मंदिर से चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर बागेश्वर महाराज ने स्थापित कराई प्रतिमा, किया पूजन

# नकारात्मक ऊर्जा का नाश करेंगे अष्ट वीर



### सन्यासी बाबा की पादुकाओं का श्रद्धालुओं ने किया पूजन

### 4 से 5 घंटे में श्रद्धालुओं को मिल सके दर्शन, लंबी कतारों में लगकर किया इंतजार

**छतरपुर।**

सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में चल रहे नौ दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के मुख्य पर्व पर लाखों की संख्या में लोग गुरु दर्शन के लिए पधारे। विशेष धार्मिक अनुष्ठानों के बीच बागेश्वर महाराज ने लोगों की दैहिक, दैविक पीड़ाओं को दूर करने के उद्देश्य से, सन्यासी बाबा की प्रेरणा से अष्ट वीर प्रतिमा की विधिवत स्थापना करते हुए पूजन किया। भगवान हनुमान के साथ हमेशा रहने वाले आठ वीरों का स्वरूप इस प्रतिमा में स्थापित किया गया है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस प्रतिमा के दर्शन एवं स्पर्श से नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। गुरु पूर्णिमा पर कथा पंडाल में रखी पूज्य सन्यासी बाबा की पादुकाओं का पूजन कर श्रद्धालुओं ने महाराज श्री का आशीर्वाद दिया। बालाजी के दर्शन और पादुका पूजन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। 4 से 5 घंटे की कड़ी तपस्या के बाद श्रद्धालुओं को दर्शन मिल सके। बागेश्वर धाम जन सेवा समिति की ओर से लोगों को तपन से बचने के लिए सड़क पर मैट बिछाई गई थी। श्रद्धालुओं को उनके स्थान पर ही पेयजल उपलब्ध कराया गया।

बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सुबह सबसे पहले बागेश्वर बालाजी एवं सन्यासी बाबा का पूजन कर आरती की, इसके साथ ही उत्सव की विधवत शुरुआत हुई। देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना और दर्शन का लाभ ले रहे हैं।

### 2 दिन में 7 लाख से अधिक भक्तों ने पाया अन्नपूर्णा प्रसाद

बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा संचालित अन्नपूर्णा प्रसादम भंडारा भी श्रद्धालुओं की सेवा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। समिति के अनुसार दो दिनों में 7 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी, चाय, फल एवं शुद्ध पेयजल का निःशुल्क वितरण लगातार किया जा रहा है। इस अवसर पर यहां धार्मिक आस्था, सेवा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

### चप्पे चप्पे पर रही पुलिस की नजर, ड्रोन से हुई निगरानी

दुनिया भर से बालाजी के दर्शन करने और बागेश्वर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने बागेश्वर धाम पधारे लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके इंतजाम किए गए। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन एवं एएसपी आदित्य पटले के मार्गदर्शन में खजुराहो एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल द्वारा पुलिस बल के साथ पूरे आयोजन क्षेत्र में लगातार व्यवस्थाएं देखी गई। डीएसपी अरविंद दांगी ने भी सुरक्षा व्यवस्था में अपने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। छतरपुर जिले के अलावा प्रदेश के कई जिलों से पुलिस बल सुरक्षा में लगाया गया है। ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी की गई ताकि सामाजिक गतिविधियों पर विराम लग सके। व्यवस्थाओं के रूप में अस्थाई अस्पताल, पुलिस सहायता केंद्र और खोया पाया केंद्र भी बनाया गया जिसकी मदद से लोगों की समस्याएं सुलझाई गई।



# सार्वजनिक तालाब के पट्टे को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश

### फर्जी दस्तावेजों से पट्टा जारी कराने का आरोप, कलेक्टर को ज्ञापन सौंप निरस्त करने की मांग



**छतरपुर।** जनपद पंचायत गौरिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत गहवरा में स्थित ऐतिहासिक व सार्वजनिक तालाब का पट्टा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जारी कराने का मामला सामने आया है। आक्रोशित ग्रामवासियों ने छतरपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पट्टा तत्काल निरस्त करने और तालाब को आम जनता के उपयोग के लिए मुक्त कराने की मांग की है।

### फर्जीवाड़े का आरोप, बीपीएल नियमों का उल्लंघन

ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, ग्राम पंचायत गहतरा के खसरा नंबर 3427 में स्थित प्राचीन बड़ा तालाब (भड़रिया तालाब) गांव का एक प्रमुख सार्वजनिक जल स्त्रोत है। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर जय भीम मछली पालन स्व सहायता समूह का गठन किया और मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों को गुमराह कर 10 वर्षों के लिए तालाब का पट्टा अपने नाम करा लिया। ग्रामीणों का कहना है कि समूह में शामिल सदस्यों में से अधिकांश एपीएल श्रेणी के हैं, जबकि नियमानुसार इसमें बीपीएल परिवारों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी। समूह के कई सदस्यों के अपात्र होने के बावजूद फर्जीवाड़े के जरिए यह पट्टा हासिल किया गया है।

### पंचायत व जनप्रतिनिधियों को अंधेरे में रखा

ज्ञापन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पट्टा जारी करवाने की प्रक्रिया में भारी अनियमितता बरती गई है। पट्टा जारी करने से पहले न तो ग्राम पंचायत से वैध अनुमति ली गई और न ही नियमानुसार अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी हुआ। ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, हल्का पटवारी, राजस्व अधिकारियों एवं जनपद सदस्यों से न तो प्रस्ताव अनुमोदित कराया गया और न ही उन्हें इसकी जानकारी दी गई। यदि किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर दिखाए गए हैं, तो वे पूरी तरह फर्जी हैं। ग्रामवासियों ने बताया कि यह तालाब आदिकाल से सार्वजनिक उपयोग, निस्तार, पालतू पशुओं के पेयजल तथा गर्मी के दिनों में जलस्तर बनाए रखने का मुख्य जरिया रहा है। इसके अतिरिक्त गांव के गरीब लोग तालाब से मुरार की खुदाई कर अपनी आजीविका चलाते थे। शादी-विवाह व सामाजिक अवसरों पर कमल के पत्तों का उपयोग पत्तल के रूप में किया जाता था। समूह के संचालकों एवं सदस्यों द्वारा अब ग्रामीणों को तालाब में आने-जाने से रोका जा रहा है, जिससे गांव की आधी से अधिक आबादी इसके उपयोग से वंचित हो रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि इस अवैध पट्टे को शीघ्र निरस्त नहीं किया गया और तालाब को सार्वजनिक उपयोग के लिए मुक्त नहीं कराया गया, तो वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में रामकिशुन, कुलदीप, मातादीन, सौरभ, छोटू, नारायण, जगराज, हरीराम शुक्ला, राजाबाबू शुक्ला, देवेन्द्र, रमेश कुमार, अजय, प्रताप सहित गांव के दर्जनों गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण शामिल रहे।

### मिट्ठुआ सरकार धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का समापन



**छतरपुर।** जिले के ग्राम देरी स्थित श्री श्री 1008 श्री मिट्ठुआ सरकार धाम में आयोजित तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। पूज्य श्री गुरुदेव के सान्निध्य में आयोजित इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु वंदना, सत्संग और धार्मिक आयोजनों का लाभ प्राप्त किया। महोत्सव के दौरान गुरुदेव ने श्रद्धालुओं को गुरु उपदेश देते हुए आध्यात्मिक जीवन, सेवा, सदाचार और गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व बताया। दूसरे दिन आयोजित गुरु दीक्षा कार्यक्रम में अनेक श्रद्धालुओं ने गुरु मंत्र ग्रहण कर आध्यात्मिक जीवन का संकल्प लिया। वहीं शाम को आयोजित जवाबी कीर्तन कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रखा। कानपुर की ज्योति माला और झांसी की नीलम विश्वकर्मा ने अपनी मधुर भक्ति प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।महोत्सव में हास्य कवि सम्मेलन भी आयोजित किया गया, जिसमें महाकवि पं. श्रीप्रकाश पटेरिया 'बुन्दू' सहित अन्य कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। तीनों दिनों तक विशाल भंडारे का

## खबर संक्षेप



### पंचायत द्वारा लगाया गया टैक्स भरें और गांव को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें : कलेक्टर ने गढ़ ग्राम पंचायत में आम जनता से किया संवाद

**रीवा ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार आम जनता की कठिनाईयों को दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने ग्राम पंचायत गढ़ में आम जनता से संवाद करके उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर जनसुनवाई में ग्राम पंचायत गढ़ से आए आवेदक रोहित कुमार कोल के ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कार्यों की राशि का भुगतान न करने के आवेदन पर सुनवाई करने के लिए ग्राम गढ़ पहुंचे। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत से आवेदक की लंबित राशि का भुगतान कराया। कलेक्टर ने कहा कि गावं में साफ-सफाई के लिए ग्राम पंचायत द्वारा साफ-सफाई करने वाली संस्था से अनुबंध कर लिया गया है। कल से गावं के कचरे का उठाव शुरू हो जाएगा। सड़क निर्माण के संबंध में कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि गढ़ में मुख्य मार्ग के निर्माण के लिए 6 करोड़ रुपए का मजबूतीकरण कार्य का टेंडर मंजूर हो गया है। सड़क में सुधार का कार्य 30 जुलाई से ही शुरू हो जाएगा। कलेक्टर ने ग्रामवासियों से चर्चा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा गावं के विकास के लिए लगाए गए टैक्स सभी ग्रामवासी समय पर भरें। इस राशि का उपयोग गावं के विकास में ही किया जाता है। गावं को साफ-सुथरा रखने में भी सभी ग्रामवासी सहयोग करें। सभी अपने घरों में डस्टबिन में कचरा रखें तथा कचरा गाड़ी को प्रतिदिन कचरा दें। कलेक्टर ने रोहित कुमार कोल द्वारा ग्राम पंचायत को नाली निर्माण तथा सोकपिट निर्माण के लिए दी गई निर्माण सामग्री की राशि तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत ने आवेदक को राशि का भुगतान कराया। कलेक्टर ने कहा कि कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ग्राम पंचायत के सभी निर्माण कार्यों की जाँच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। निर्माण कार्यों की स्थिति के अनुसार संबंधित एजेंसियों को भुगतान कराएं। कलेक्टर ने आदिवासी मोहल्ला में जल भराव की समस्या को दूर करने के लिए ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल नाली निर्माण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पटवारी को आम रास्ते से अवैध कब्जा हटाकर तत्काल रास्ता बहाल कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जमीनों के संबंध में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का परीक्षण करके समुचित निराकरण किया जाएगा। ग्राम पंचायत के पूर्व सचिव द्वारा बाजार बैठकी की राशि जमा न करने के संबंध में प्राप्त शिकायत के संबंध में जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि संबंधित सचिव के विरूद्ध वसूली की कार्यवाही की जा रही है। निरीक्षण के समय परियोजना अधिकारी जिला पंचायत डॉ. संजय सिंह, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बीडी कोरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्राची चौबे तथा खण्ड और ग्राम स्तर के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# शहर में सरेराह कांग्रेस नेता की चाकुओं से गोदकर हत्या

### तीन दोस्त ही निकले कातिल मामूली कहासुनी के बाद ताबड़तोड़ हमला; वारदात के कुछ घंटों में तीन आरोपी गिरफ्तार

विंध्य की शांत फिजा को मंगलवार रात एक सनसनीखेज हत्या ने दहला दिया। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित शांति विहार कॉलोनी में डोमिनोज पिज्जा के सामने कल्याण पेट्रोल पंप के पास आदिवासी प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व पार्षद प्रत्याशी अमित कोल उम्र 36 की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई।

रीवा।

वारदात इतनी तेजी से हुई कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ ही नहीं सके। गंभीर रूप से घायल अमित को तत्काल शहर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही पूरे शहर में हड़कंप मच गया। सिविल लाइन थाना पुलिस, एफएसएल टीम और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने घटनास्थल से आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू किया। तकनीकी साक्ष्यों और त्वरित कार्रवाई के आधार पर पुलिस ने वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर हत्या में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी अनुसार अमित कोल मंगलवार रात अपने परिचित लकी दहिया, मनु दहिया और अंकित दहिया के साथ डोमिनोज पिज्जा के सामने बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर आपसी विवाद शुरू हुआ। पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते विवाद हिंसक हो गया। आरोपियों ने अमित पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट लगने से वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। वारदात के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। सरेराह हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और अमित के साथियों ने उन्हें तत्काल उपचार के लिए निज अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हत्या की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समर्थकों और परिजनों की भारी भीड़ जमा हो गई। फिलहाल पुलिस ने बुधवार को मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद शव पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है। बॉक्स *सीसीटीवी और बाइक से मिली अहम कड़ी*घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ली। मौके से बरामद दो मोटरसाइकिलों की जांच भी शुरू की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर ताबड़तोड़ दबिश दी और तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या की वारदात स्वीकार कर ली है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भावना मरावी ने बताया कि हत्या के मामले में लकी दहिया, मनु दहिया और अंकित दहिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक




पूछताछ में यह सामने आया है कि घटना के समय सभी लोग एक साथ बैठे थे। इसी दौरान हुए विवाद के बाद आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और हत्या के पीछे के वास्तविक कारणों की गहन जांच की जा रही है।बॉक्स *राजनीति में सक्रिय थे अमित*अमित कोल आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष होने के साथ ही कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। वे पूर्व में रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक-4 से कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी भी रह चुके थे। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में उनकी सक्रिय पहचान थी। उनकी हत्या की खबर फैलते ही कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। देर रात तक अस्पताल और घटनास्थल पर समर्थकों की भीड़ लगी रही।बॉक्स *सेवानिवृत्ति से दो दिन पहले बेटे की हत्या*इस हत्याकांड का सबसे मार्मिक पहलू यह है कि अमित कोल के पिता अनूपपुर जिले के राजेन्द्रग्राम थाना में थाना प्रभारी (टीआई) के पद पर पदस्थ हैं और 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। सेवानिवृत्ति की खुशियों की तैयारी कर रहा परिवार कुछ ही घंटों में मातम में बदल गया। जवान बेटे की हत्या की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।बॉक्स *कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवाल*शहर के पॉश इलाके में सरेराह हुई इस सनसनीखेज हत्याकाण्ड के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली, गश्त और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। थाना और बीट प्रभारियों की उदासीनता के चलते अपराधियों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है, यही वजह है कि शहर के अंदर आए दिन बड़ी आपराधिक घटनाएँ घटित हो रही हैं। पुलिस अपनी उगाही और आपराधिक गठजोड़ में जुटी हुई है? जिसका नतीजा लोगों के सामने खुले तौर पर दिखाई दे रहा है।बॉक्स *परिजनों ने अस्पताल में नारेबाजी कर आरोपियों को फांसी देने की रखी मांग*निर्मम हत्या के बाद बुधवार को आदिवासी समाज में भारी आक्रोश देखने को मिला। शव प्रशिक्षण में देरी से नाराज पर जनों ने संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय परिसर में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग एकत्रित हुए। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के दौरान समाज के लोगों ने जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। आदिवासी समाज के लोगों ने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि पूरे समाज की भावनाओं पर हमला है। उन्होंने मांग की कि हत्या जैसे जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में शीघ्र सुनवाई कराई जाए और उन्हें कानून के तहत सबसे कठोर सजा, फांसी, दी जाए ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार का अपराध करने का साहस न कर सके।

# रीवा जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर जिला पंचायत सीईओ को सौंपा ज्ञापन



### समस्याओं के निराकरण का मिला आश्वासन15वें वित्त की राशि वितरण, तकनीकी स्वीकृति, पंचायतों में भ्रष्टाचार की जांच और सड़कों की मरम्मत समेत सात प्रमुख मांगें उठाईं।

रीवा।

जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी द्वारा दो दिन से धरने पर बैठे हुए थे जो आज सी ओ साहब धरना स्थल पर पहुंच कर आव भगत के साथ अपने केविन में ले जाकर जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को सात सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पंचायतों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई।ज्ञापन में मुख्य रूप से 15वें वित्त आयोग की राशि का समय पर वितरण, लंबित तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृतियां जारी करने, ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार की शिकायतों की निष्पक्ष जांच, सामान्य सभा एवं विभिन्न समितियों की नियमित बैठकें आयोजित कराने तथा जर्जर सड़कों की मरम्मत के लिए आवश्यक स्वीकृतियां जारी करने की मांग की गई है। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने की भी बात कही गई।जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी ने कहा कि इन मांगों के पूरा होने से पंचायतों के विकास कार्यों में तेजी आएगी और आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा।ज्ञापन प्राप्त करने के बाद जिला पंचायत सीईओ ने मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।इस अवसर पर पूर्व सरपंच काशीनाथ पटेल (बदबार), सरपंच बृजभान पटेल (दुआरी), पूर्व फौजी गिरजा प्रसाद पांडे उर्फ अन्ना हजारे, रहीश अग्निहोत्री, प्रांशु अग्निहोत्री सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### आंदोलनकारियों को गोली मारने और महिलाओं के साथ रेप कराने की बात बेहद आपत्तिजनक आपराधिक कृत्यः नारी चेतना मंच बलात्कार पीड़िताओं से संबंधित फैसलों में अनर्गल टिप्पणियों पर सुप्रीम कोर्ट का संज्ञान न्यायिक जवाबदेही

रीवा । नारी चेतना मंच ने कहा कि कड़े कानून बनने के बाद भी बलात्कार के मामलों पर रोक नहीं लगाई जा सकी है। देखने को मिलता है कि कई बार पीड़िता को न्याय मिलने की जगह ज़लील किया जाता है। बलात्कार मामले में छोटी बच्ची से लेकर बूढ़ी महिलाओं तक सुरक्षित नहीं है। यह भारी विडंबना है कि सामूहिक बलात्कार के दोषियों की सजा कम करके जेल से उनकी रिहाई होने के बाद सार्वजनिक अभिनंदन किया जाता है। इधर बलात्कार के एक मामले में छत्तीसगढ़ के जगदलपुर केंद्रीय जेल प्रशासन के द्वारा पीड़िता की सहमति बनाकर जेल में ही बलात्कारी के साथ शादी करा दी गई। नारी चेतना मंच ने कहा कि इस तरह की शादी बहुत आपत्तिजनक शर्मनाक संदेश है और इससे बलात्कारियों के गलत हौसले बुलंद होंगे। राज्य सरकार और न्यायालय को इस मामले में संज्ञान लेने की जरूरत है। नारी चेतना मंच ने कहा कि बलात्कार मामलों में उच्च न्यायालयों के कुछ जजों की विवादास्पद टिप्पणियां बहुत संवेदनहीन ओर शर्मनाक हैं, जिसे सार्वजनिक तौर पर बताने में शर्म आती है। इसे लेकर सर्वोच्च अदालत ने भी कड़ी नाराजगी जताने के साथ ऐसे बेहूदा फैसलों पर रोक लगाई है। पटना, इलाहाबाद, मुंबई एवं छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में बलात्कार मामले के कुछ फैसलों की टिप्पणियां और व्याख्या अत्यंत शर्मनाक और संवेदनहीन रहीं हैं।बलात्कार पीड़िताओं से संबंधित फैसलों में अनर्गल टिप्पणियों पर सुप्रीम कोर्ट का संज्ञान न्यायिक जवाबदेही है।नारी चेतना मंच ने आरएसएस विचारक टीजी मोहनदास के द्वारा अपने यूट्यूब चैनल पर आंदोलनकारियों को लेकर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर तीव्र भर्त्सना की है। ऐसी शर्मनाक टिप्पणी का जमकर विरोध हो रहा है। संघ विचारक मोहनदास ने कहा था कि उनकी चलती तो वो जंतर मंतर के प्रदर्शनकारियों पर कर्फ्यू लगाकर गोली चलवा देते, वहां बैठी महिलाओं का रेप करवाते, क्योंकि वामपंथी महिलाओं को ये सब पसंद है। उनके ऐसे आपत्तिजनक बयान पर केरल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस बयान को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी निंदा करते हुए अपनी दूरी बना ली है। नारी चेतना मंच ने ऐसे व्यक्ति को तत्काल जेल भेज कर दंडित करने की मांग की है।

### जिले में अब तक 151.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा ।** रीवा जिले में एक जून से अब तक 151.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 29 जुलाई को 4.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 165.3 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 170.7 मिलीमीटर, गुढ़ में 318 मिलीमीटर, सिरमौर में 147.4 मिलीमीटर, त्योंथर में 37 मिलीमीटर, सेमरिया में 162 मिलीमीटर, मनगवां में 81 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 131 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में 482.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

## 8वीं तक मान्यता, 10वीं तक संचालन? रीवा के सन ब्राइट स्कूल पर उठे गंभीर सवाल, छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप




**रीवा।** शहर के रेलवे मोड़ स्थित सन ब्राइट स्कूल एक बार फिर विवादों में है। आरोप है कि विद्यालय को केवल कक्षा 8वीं तक की मान्यता प्राप्त है, जबकि परिसर में नर्सरी से 10वीं तक अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश देने का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। स्कूल परिसर के बाहर लगे बोर्ड पर भी स्पष्ट रूप से ₹Class Nursery to 10th₹ अंकित है।साथ ही विद्यालय द्वारा ₹एडमिशन फ्री₹ जैसी आकर्षक योजनाओं का प्रचार कर अभिभावकों को लुभाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे अभिभावकों और छात्रों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। यदि विद्यालय के पास 9वीं और 10वीं कक्षा के संचालन की वैध मान्यता नहीं है, तो यह विद्यार्थियों के भविष्य के साथ गंभीर खिलवाड़ माना जाएगा। एक खबर यह भी है सामने आई है कि संचालक ने उक्त स्कूल संचालन हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों में जहां का एग्रीमेंट किया है वहां तो स्कूल संचालित ही नहीं है।

प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, निजी विद्यालयों को मान्यता प्रदान करने के लिए शासन द्वारा विस्तृत मानक निर्धारित किए गए हैं। इनमें सोसायटी पंजीयन, भवन एवं भूमि संबंधी दस्तावेज, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, प्रशिक्षित शिक्षक, अग्निशमन व्यवस्था, पेयजल, खेल मैदान, सुरक्षा मानक, वेबसाइट, बैंक के माध्यम से वेतन भुगतान सहित अनेक अनिवार्य शर्तें शामिल हैं।ऐसे में प्रश्न उठता है कि यदि विद्यालय निर्धारित मानकों और मान्यता की सीमा से बाहर जाकर कक्षाओं का संचालन कर रहा है, तो शिक्षा विभाग ने अब तक क्या कार्रवाई की है? क्या संबंधित अधिकारियों द्वारा विद्यालय की नियमित जांच की गई? यदि अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होगी?अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा विभाग को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट करना चाहिए कि विद्यालय के पास किस कक्षा तक की वैध मान्यता है। यदि बिना अनुमति उच्च कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है तो तत्काल कार्रवाई कर छात्रों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# जिला शिक्षा समिति की बैठक में शिक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा, विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर हुआ पौधारोपण



**रीवा।** शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय महसाव, रीवा में मंगलवार को जिला शिक्षा समिति की बैठक नवाचार के साथ आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत रीवा के उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रणव प्रताप सिंह ने की। बैठक में समिति के सदस्यों ने शिक्षा व्यवस्था की विभिन्न योजनाओं एवं विद्यालयों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।बैठक में समिति के सदस्य देवेंद्र सिंह, बृजेश कोल, पूर्णिमा तिवारी, संगीता मिश्रा, सोनम मिश्रा सहित अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलाल मिश्रा, डीपीसी राजेश तिवारी, प्राचार्य वरुणेंद्र सिंह, विद्यालय प्राचार्य राजकुमार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सोमनाथ कोल, अविनाश तिवारी, सुधाकर तिवारी, दीपेंद्र सिंह तथा रीवा एवं मऊगंज जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारी, सभी बीआरसी, बीआरसीसी, संकुल प्राचार्य, संस्था प्राचार्य, मध्याह्न भोजन नोडल प्रभारी एवं पाठ्यपुस्तक वितरण प्रभारी मौजूद रहे।बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही एवं पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। इसके साथ ही रीवा एवं मऊगंज जिले के निर्माणाधीन संदीपनी विद्यालयों की स्थिति, उनमें कक्षाओं का संचालन, विद्यार्थियों के परिवहन की व्यवस्था, विद्यालयों में नामांकन की वर्तमान स्थिति, कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश, लोक सेवा गारंटी पोर्टल के अनुसार नामांकन, पाठ्यपुस्तकों के वितरण, कंप्यूटर लैब की उपलब्धता, आत्मानंद विद्यालयों की स्थिति, छात्रावासों की व्यवस्था तथा मुख्यमंत्री मध्याह्न भोजन अन्नपूर्णा योजना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा की गई।बैठक के समापन पर विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने अतिथियों को पौधे भेंट किए। इसके पश्चात समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने विद्यार्थियों के साथ विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया तथा सभी ने प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन की शपथ लेकर अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लिया।

# नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0’ अभियान के तहत फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### खेलों के माध्यम से युवाओं को दिया गया नशामुक्ति का संदेश



**मऊगंज।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित “नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0” अभियान के अंतर्गत को मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नईगढ़ी में एक रोमांचक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

प्रतियोगिता में नईगढ़ी स्पोर्टिंग क्लब और लालगंज स्पोर्टिंग क्लब के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। दोनों टीमों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हालांकि मैच में नईगढ़ी स्पोर्टिंग क्लब ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लालगंज स्पोर्टिंग क्लब को 5–1 के बड़े अंतर से पराजित कर जीत अपने नाम की।नईगढ़ी स्पोर्टिंग क्लब की ओर से अभय त्रिपाठी ने शानदार खेल दिखाते हुए 2 गोल किए। अजरफुल खान (कैफ) ने भी 2 गोल दागकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि अभिषेक आदिवासी ने 1 गोल कर टीम की बढ़त को मजबूत किया। वहीं लालगंज स्पोर्टिंग क्लब की ओर से समीर खान ने एकमात्र गोल किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नईगढ़ी थाना प्रभारी गोविंद प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों एवं उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा युवाओं के भविष्य, परिवार और समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। इससे बचने का सबसे प्रभावी उपाय खेल, शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ना है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। उन्होंने सभी युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दें।इस अवसर पर अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी की टीम, प्रतियोगिता के कोच विक्रम दीपांकर, बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर “नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0” अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा नशामुक्त, स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन समिति ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं को खेलों से जोड़ने और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

### मऊगंज उप जेल मे स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन’ 99 कैदियों को मिला स्वास्थ्य शिविर लाभ



**मऊगंज।** सिविल अस्पताल मऊगंज एंव संपूर्ण सुरक्षा केंद्र मेडिकल कॉलेज रीवा के संयुक्त तत्वाधान मे उप जेल मे स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ

**स्वास्थ शिविर का आयोजन -** जिला क्षय अधिकारी डॉ अनुराग शर्मा के निर्देशानुसार एवं बीएमओ डॉ एस डी कोल के मार्गदर्शन में उप जेल में किया गया जिसमे 99 कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ स्वास्थ्य शिविर में नोडल डॉ हरीश कुमार सोनी,ने हितग्राहियों का स्वाथ्य परीक्षण किया स्वास्थ्य शिविर में 06 लोगो का स्पुटम जॉच हेतु एकत्रित किया गया शिविर में 99 एच आई व्ही वी 99 हेपेटाइटिस बी , हेपेटाइटिस सी, जिसमें और 61 कैदियों की बी पी तथा 52 मरीजों का शुगर जांच की गई और 32 मलेरिया जांच की गई, और जानकारी दी गई ,सभी का सफल स्वास्थ्य परीक्षण किया गया इस स्वास्थ्य शिविर में नोडल डॉ हरीश कुमार सोनी, प्रभारी जेलर ध्रुव नारायण तिवारी, एस एस के मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा, एल टी अब्दुल कादिर अंसारी , काउंसलर अनिरुद्ध सिंह उदय प्रकाश पटेल, फार्मासिस्ट शिल्पी रावत, मनीषा विश्वकर्मा, और सभी स्टाफ रहकर स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया।